


# NICT संपर्क

साप्ताहिक समाचार पत्र

## इस अंक में

# एनआईसीटी टीम जन-जागरूकता मिशन में सफलता की ओर!!

दोस्तों, हम एक बार फिर आप सभी को यह बताते हुए हर्ष महसूस कर रहे है, कि आप सभी की कड़ी मेहनत और लगन से एनआईसीटी को देश के मंच में जो सराहना मिली है, वह हम सभी के लिए बहुत ही गर्व की बात है। आज एनआईसीटी टीम को कई स्थानों में बैंक आरबीओ द्वारा सराहा जाना, योजनाओं में अच्छे परिणाम लाना व एक जुट होकर टीम की भावना के साथ कार्य करना आदि बहुत ही सराहनीय है।

टीम ने २८ राज्यों के दूर-दराज आँचलिक स्थानों में अपनी कड़ी मेहनत से लाखों लोगों को जोड़ा व जागरूक किया है, इस जागरूकता से लोगों को 'वित्तीय समायोजन' के लाभ व कई योजनाओं की जानकारी हुई है, जिससे लोगों का जीवन स्तर सुधरा है, एनआईसीटी ने देशभर में रोजगार के कई आयाम मुहैया कराये, जो इस संगठन की छवि को देश में सकारात्मक मजबूती की ओर ले जा रहा है।

आप सभी को ज्ञात होगा, कि 'एसबीआई' प्रमुख शाखा दिल्ली में 'अटल पेंशन योजना' के अंतर्गत एनआईसीटी को देशभर में दूसरे स्थान पर सर्वाधिक लोगों के पंजीकरण के लिए सम्मानित किया गया है, जो कि एनआईसीटी से जुड़े सीएसपीओं व सीपीओं की कड़ी मेहनत को दर्शाता है। इसी क्रम में आगें बढ़ते हुए एनआईसीटी एक और नयी प्लानिंग के तहत अपने नये प्रोजेक्ट को लेकर आया है, जो देश के ग्रामीण आँचलिक स्थानों तक के लोगों को जागरूक करेगा ही साथ ही 'डिजिटल इंडिया' के मिशन को भी काफी हद तक मजबूत बनायेगा। जिसकी विस्तृत जानकारी अगले अंक में दी जायेगी।

बहरहाल, टीम द्वारा जो उत्कृष्ट्र कार्य किए गये है, उनसे लोगों को काफी हद तक जागरूक किया गया है व साथ ही रोजगार के नये आयाम भी उपलब्ध हुए है।

संजय सोनी- एनआईसीटी



खण्डवा एवं बुरहारपुर में 'बैंक मित्रों' हेतु कार्यशाला (म.प्र.)




ग्राम गारापुर में 'एसबीआई' कियोस्क का शुभारम्भ। (उ.प्र.)



आन्ध्रप्रदेश में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन(अ.प्र.)

संपादक - संजय सोनी

नेटवर्क फॉर इंफॉर्मेशन एण्ड कम्प्यूटर टेक्नालॉजी

(एनआईसीटी)

NICT GROUP

## मध्यप्रदेश

### उत्कृष्ट कार्य करने पर एनआईसीटी बैंक मित्र हुए पुरस्कृत।











एनआईसीटी– ११ दिसम्बर २०१५ को 'नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक' के रीजनल कार्यालय द्वारा देवास, मध्यप्रदेश में समस्त बैंक मित्रों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसी आयोजन में एनआईसीटी में द्वारा कार्यरत तीन बैंक मित्रों की सराहना की गई व साथ ही संबंधित शाखा प्रबंधकों को उचित सामान्जस्व रखने पर सराहा गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक मित्रों को तकनीकि जानकारी मुहैया कराना व बैंक मित्रों का अपने–अपने शाखा प्रबंधकों के साथ सही तालमेल स्थापित करना था।

एनआईसीटी की ओर से श्री आलोक खरे (डोमेन हेड) द्वारा उपस्थित बैंक मित्रों को तकनीकी जानकरी दी गयी साथ ही पीपीटी के माध्यम से अन्य जानकारी को विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने बैंक मित्रों को क्षेत्रीय लोगों के साथ किस तरह से समन्वय स्थापित करना है, आदि बातों पर भी रोशनी डाली।

इस कार्यशाला में मुख्य रूप से श्री पी.के. पाण्डेय क्षेत्रीय प्रबंधक (NJGB) श्री डी.के. दुबे प्रभारी वित्तीय समायोजन (NJGB) श्री आलोक खरे डोमेन हेड (एनआईसीटी) व समस्त शाखा प्रबंधक ने अपनी उपस्थिति दी।

एनआईसीटी टीम मध्यप्रदेश में 'नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक' की सहायता से समस्त बैंक मित्रों को प्रशिक्षित तो कर ही रही है, साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार के लिए नये नये आयाम भी जुटा रही है। आज एनआईसीटी द्वारा हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए है।

## मध्यप्रदेश

'नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक' द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।





एनआईसीटी - ०८ जनवरी २०१६ को 'नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक' के रीजनल बैंक खरगोन खण्डवा एवं बुरहानपुर जिले के 'बैंक मित्रों' हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस पूरे आयोजन को 'सिडवी' द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में बैंक मित्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गये। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से श्री एम.के. शर्मा क्षेत्रीय प्रबंधक (NJGB) श्री आलेख जैन (वित्तीय समावेशक-प्रभारी-NJGB) श्री पाटिल जी (डीडीएम- नावार्ड) श्री आलोक खरे (डोमेन हेड- एनआईसीटी) एवं संबंधित शाखा प्रबंधकों ने उपस्थिति दी।

एनआईसीटी से उपस्थित श्री आलोक खरे द्वारा उपस्थित बैंक मित्रों को पीपीटी के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

## उत्तरप्रदेश

उत्तरप्रदेश के ग्राम 'गारापुर' में 'एसबीआई' कियोस्क का शुभारम्भ।






एनआईसीटी- ०४ जनवरी २०१६ को ग्राम गारापुर, ब्लॉक हादुरपुर जिला इलाहाबाद में एनआईसीटी टीम द्वारा 'एसबीआई' के 'ग्राहक सेवा केन्द्र' का शुभारम्भ किया गया। कियोस्क का उद्घाटन श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव (एरिया मैनेजर- एनआईसीटी) द्वारा फीता काटकर किया गया। साथ ही श्री के. बी. श्रीवास्तव (शाखा प्रबंधक- एसबीआई) व एनआईसीटी सी.पी. उपस्थित रहे। क्षेत्रीय लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर बैंकिंग से संबंधित जानकारी ली। कियोस्क संचालिका श्रीमती संगीता देवी है।

## आन्ध्रप्रदेश

सीएसपीओं हेतु कार्यशाला का आयोजन।





एनआईसीटी- ०२ जनवरी २०१६ को एनआईसीटी कार्यालय, आन्ध्रप्रदेश में सीएसपीओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से १२ सीएसपीओं ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## पंजाब

पटियाला में एस.बी.पी. बैंक ने बीसीओं हेतु कार्यशाला का आयोजन किया।







एनआईसीटी- पटियाला, पंजाब में ०६ जनवरी २०१६ को 'स्टेट बैंक ऑफ पटियाला' ने अपने जोनल कार्यालय में बीसीओं हेतु 'वित्तीय समावेशन' के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें उपस्थित बी.सीओं ने अपनी-अपनी बात रखते हुए वित्तीय समावेशन के लिए हर सम्भव प्रयास करने की बात कही।

## उड़ीसा

भुवनेश्वर, उडीसा में बीसीओं हेतु कार्यशाला।





दिनांक ०७ जनवरी २०१६ को 'बैंक ऑफ इंडिया' कार्यालय, भुवनेश्वर जिला, उडीसा में समस्त बीसीओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री डी.पी. मिश्रा (जोनल मैनेजर, बीओआई) व श्री देवराज त्रिपाठी (एसपीएम - उडीसा) उपस्थित रहे।

## असम

ग्राम बनदरदेव, अरूणाचल प्रदेश 'एसबीआई' द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन।

एनआईसीटी- ०८ जनवरी २०१६ को वित्तीय समावेशन के अंतर्गत ग्राम बनदरदेव, पापुम पारे जिला में 'एसबीआई' द्वारा एक शिविर आयोजित किया, इस शिविर में एनआईसीटी टीम की ओर से श्री नावा ठाकुरिया (एएसपीएम- गोवाहाटी), विश्वारूप देव बरूआ (बीडीएम-एनआईसीटी) व आरबीओ ईटानगर से वित्तीय समायोजन प्रबंधक उपस्थित रहे।



## आपके सुझाव व शिकायतें महत्वपूर्ण है

आप सभी को ‘‘**संपर्क**’’ के माध्यम से पूरे देश में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिल रही होगी। क्योंकि यही एक माध्यम है, जो आम जन तक हमारे प्रयासों को पहुँचाने का जरिया बना है और अब हम चाहते है, कि आप सभी व जो भी एनआईसीटी से जुड़ा हुआ है, वह अपने सुझाव हमारे द्वारा दिये गये ई–मेल पर पहुँचाऐं। हम यह भी चाहते है, कि इस न्यूज़लेटर में जो भी आवश्यक विषयों को आप चाहते है या फिर हमारे द्वारा कोई श्रुटि हो रही हो, उसे भी आप इस माध्यम से व्यक्त कर सकते है।

इस प्रयास से हमारा सीधा विश्वास है, कि हम उन लोगों तक पहुँच सकते है, जो ‘संपर्क’ के माध्यम से एनआईसीटी के प्रयासों को भलिभांति समझ पा रहे है व अपने सुझावों के द्वारा हमारे प्रयासों को और प्रभावी बनाने में समर्थ है।

**किसी तहसील या नगर में अगर कोई व्यक्ति ‘‘सिने इंडिया’’ प्रोजेक्ट की शुरूआत करना चाहता है, तो वे हमारे इस माध्यम से भी संपर्क कर सकता है।**

न्यूज़लेटर ‘‘संपर्क’’ के संबंध में अपने सुझावों व शिकायतों के लिये हमें ई–मेल कर सकते है।

communication@nict.ind.in
07771005418 - Sanjay Soni

नोट –

आप सभी के द्वारा इस न्यूज़लेटर के संबंध में जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही हैं, वह हमारे मनोबल को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करती है। जिसके लिये आप सभी का धन्यवाद। कुछ लोगों द्वारा हमसें कुछ जानकारियाँ भी मांगी गयी थी, जो न्यूज़लेटर के विषय से संबंधित नहीं है, कृपया वे लोग हमारी वेबसाइड में दिये गये संबंधित नंबरो पर ही संपर्क करें।

अभी तक हमें जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उसे हमने संबंधित विभाग तक पहुँचा दिया है। जिसका समाधान बहुत जल्द किया जायेगा।

हमें पूर्ण विश्वास है, कि आगे भी आप सभी की प्रतिक्रियाएँ प्राप्त होती रहेगी।

NICT HOUSE
EB- 108,109, Scheme No 94,
Opposite Bombay Hospital,
Ring road Indore (M.P.) Pin-452010

communication@nict.ind.in
www.nictgroup.in